अनुक्रमणिका

भाग - ए 3
जोखिम प्रबंधन 3
खंड I 3
प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I के अतिरिक्त भारत में रहने वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं 3
खंड II 34
भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं 34
खंड III 42
प्राधिकृत व्यापारी के लिए सुविधाएं श्रेणी-I 42
भाग बी 46
अनिवासी बैंकों के खाते 46
भाग सी 49
अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा लेनदेन 49
भाग डी 53
रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट 53
अनुलग्नक I 56
अनुलग्नक II 59
अनुलग्नक III 62
अनुलग्नक IV 63
अनुलग्नक V....................64
अनुलग्नक VI 65
अनुलग्नक VII 66
अनुलग्नक VIII 67
अनुलग्नक IX 69
अनुलग्नक X 70
अनुलग्नक XI 71
अनुलग्नक XII 75
अनुलग्नक XIII 76
अनुलग्नक XIV 78

अनुलग्नक XV 79
अनुलग्नक XVI 80
अनुलग्नक XVII ……..80
अनुलग्नक XVIII ……..80
अनुलग्नक XIX ……..80
अनुलग्नक XX 80
परिशिष्ट 85

भाग - ए
जोखिम प्रबंधन

खंड I

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I के अतिरिक्त भारत में रहने वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं

भारत में रहनेवाले व्यक्तियों (एडी श्रेणी I बैंकों के अतिरिक्त) के लिए सुविधाओं को पैराग्राफ ए और बी में विस्तारपूर्वक दिया गया है। **पैराग्राफ ए** उत्पादों और संबंधित उत्पाद के परिचालन दिशानिर्देशों का वर्णन करता है। ए के तहत परिचालन दिशानिर्देशों के अतिरिक्त सभी उत्पादों पर लागू सामान्य निर्देश जो निवासियों (एडी श्रेणी I बैंकों के अतिरिक्त) के लिए हैं, **पैराग्राफ बी** के तहत विस्तारपूर्वक हैं।

ए. उत्पाद और परिचालन दिशानिर्देश

भारत में निवासी व्यक्तियों (एडी श्रेणी I बैंकों के अतिरिक्त) के लिए उत्पाद/उद्येश्य -वार सुविधाएं निम्नलिखित उपशीर्षों में विस्तारपूर्वक दी गई हैं:

1) अनुबंधित एक्सपोजर
2) संभावित एक्सपोजर
3) विशेष छूट

1) अनुबंधित एक्सपोजर

एडी श्रेणी I बैंकों को अंतर्निहित दस्तावेजों का साक्ष्य देखना होगा जिससे अंतर्निहित विदेशी मुद्रा जोखिम की मौजूदगी स्पष्ट रूप से स्थापित की जा सके। एडी श्रेणी I बैंकों को दस्तावेजी साक्ष्य के सत्यापन के माध्यम से, अंतर्निहित एक्सपोजर की वास्तविकता के बारे में संतुष्ट होना चाहिए, चाहे लेन-देन चालू या पूंजी खाता का हो। अनुबंधों के पूर्ण विवरण को मूल दस्तावेजों पर उचित प्रमाणीकरण के तहत चिह्नित किया जाना चाहिए और सत्यापन के लिए रखा जाना चाहिए। हालांकि, ऐसे मामलों में जहां मूल दस्तावेजों को जमा करना संभव नहीं है, उपयोगकर्ता के अधिकृत अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित मूल दस्तावेजों की एक प्रति प्राप्त की जा सकती है। दोनों मामलो में, अनुबंध करने से पहले, एडी श्रेणी I बैंकों को ग्राहक से एक वचनपत्र और सांविधिक लेखापरीक्षक से त्रैमासिक प्रमाणपत्र भी प्राप्त करना चाहिए (विवरण के लिए सामान्य निर्देशों के लिए पैरा बी (बी) देखें)। जबकि अंतर्निहित का विवरण संविदा की बुकिंग के समय दर्ज करना होगा, लॉजिस्टिक को ध्यान में रखते हुए दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए अधिकतम 15 दिनों की अवधि की अनुमति दी जा सकती है। यदि ग्राहक द्वारा 15 दिनों के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो अनुबंध रद्द किया जा सकता है, और विनिमय लाभ, यदि कोई हो तो ग्राहक को नहीं दिया जाना चाहिए। एक वित्तीय वर्ष में तीन से अधिक अवसरों पर 15 दिनों के भीतर ग्राहक द्वारा दस्तावेजों को जमा न करने की स्थिति में, भविष्य में अनुमेय डेरिवेटिव अनुबंधों की बुकिंग की अनुमति अनुबंध बुकिंग के समय केवल अंतर्निहित दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण पर दी जा सकती है।

इस सुविधा के तहत उपलब्ध उत्पाद इस प्रकार हैं:

i) फॉरवर्ड विदेशी विनिमय संविदाएं

प्रतिभागी

बाजार निर्माता – एडी श्रेणी I बैंक

उपयोगकर्ता - भारत में निवासी व्यक्ति

प्रयोजन

ए) लेनदेन के संबंध में विनिमय दर जोखिम को हेज करने के लिए जिसके लिए फेमा 1999 के तहत विदेशी मुद्रा की बिक्री और/या खरीद की अनुमति है अथवा उसके तहत बनाए या जारी किए गए नियमों/विनियमों/निर्देशों/आदेशों के अनुसार है।

बी) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (इक्विटी और ऋण में) के बाजार मूल्य के संबंध में विनिमय दर जोखिम को हेज करने के लिए।

i) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) को कवर करने वाली संविदाओं को रद्द किया अथवा देय तिथियों पर रोल ओवर किया जा सकता है।

ii) यदि ओडीआई के बाजार मूल्य के संकुचन (मूल्य उतार-चढ़ाव/हानि के कारण) के कारण हेज आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से सामने आ जाता है, तो हेज को परिपक्वता तक जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है, यदि ग्राहक ऐसा चाहता है। देय तिथि पर रोलओवर की अनुमति उस तिथि के बाजार मूल्य के दायरे में होगी।

सी) आयात पर देय सीमा शुल्क के संबंध में आयातकों के आर्थिक (मुद्रा सूचकांक) एक्सपोजर को हेजिंग सहित विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गीकृत परंतु भारतीय रुपये में निपटान के विनिमय दर जोखिम को हेज करने के लिए।

i) ऐसे लेनदेनों को कवर करने वाली फॉरवर्ड विदेशी मुद्रा संविदाओं का परिपक्वता पर नकद निपटान किया जाएगा।

ii) एक बार रद्द किए जाने के उपरांत ये अनुबंध पुन: बुक किए जाने के योग्य नहीं हैं।

iii) फॉरवर्ड अनुबंधों के दिनांक के उपरांत सरकारी अधिसूचनाओं के कारण सीमा शुल्क की दर (दरों) में किसी भी बदलाव की स्थिति में, आयातकों को परिपक्वता से पहले अनुबंधों को रद्द करने और/अथवा पुन: बुक करने की अनुमति दी जा सकती है।

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

फॉरवर्ड विदेशी मुद्रा संविदाओं के लिए देखे जाने वाले सामान्य सिद्धांत।

ए) हेज की परिपक्वता अंतर्निहित लेनदेन की परिपक्वता से अधिक नहीं होनी चाहिए। उपर्युक्त प्रतिबंधों के अधीन मुद्रा की हेज और अवधि ग्राहक पर छोड़ी जाती है। जहां हेज मुद्रा अंतर्निहित एक्सपोजर मुद्रा से भिन्न है, निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कॉरपोरेट की जोखिम प्रबंधन नीति में इस प्रकार की हेजिंग की अनुमति होनी चाहिए।

बी) जहां अंतर्निहित लेनदेन की सही राशि का पता नहीं लगाया जा सकता है, वहां अनुबंध को उचित अनुमानों के आधार पर बुक किया जा सकता है। तथापि, अनुमानों की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए।

सी) विदेशी मुद्रा ऋण/बांड केवल रिज़र्व बैंक द्वारा अंतिम अनुमोदन दिए जाने के बाद ही हेज के लिए पात्र होंगे, जहां ऐसी स्वीकृति आवश्यक है अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा ऋण पंजीकरण संख्या आवंटित की गई है।

डी) वैश्विक निक्षेपागार रसीदें (जीडीआर)/अमेरिकी निक्षेपागार रसीदें (एडीआर) तभी हेज के लिए पात्र होंगी जब निर्गम की कीमत को अंतिम रूप दे दिया गया हो।

ई) खाताधारकों द्वारा बेचे गए फॉरवर्ड विदेशी मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा (ईईएफसी) खातों में शेष राशि सुपुर्दगी के लिए निर्धारित रहेगी और ऐसे अनुबंधों को रद्द नहीं किया जाएगा। हालांकि, परिपक्वता पर वह रोलओवर के लिए पात्र हैं।

एफ) सभी गैर-आईएनआर फॉरवर्ड अनुबंधों को नीचे दी गई शर्त (एच) के अनुसार रद्दीकरण पर फिर से बुक किया जा सकता है। अंतर्निहित एक्सपोजर के प्रकार और अवधि पर ध्यान दिए बिना निवासियों द्वारा बुक किए गए फॉरवर्ड अनुबंधों को एक बार रद्द करने के बाद दोबारा बुक नहीं किया जा सकता है।

जी) एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए पूंजी खाता लेनदेन को हेज करने के लिए निवासियों द्वारा बुक की गई फॉरवर्ड संविदाओं के मामले में, जिसमें रुपया एक मुद्रा के रूप में शामिल है, यदि एक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक के साथ रद्द किया जाता है, तो अन्य प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक के साथ फिर से बुक किया जा सकता है, बशर्ते कि निम्नलिखित शर्तों का पालन हों:

(i) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक, जिसके साथ अनुबंध मूल रूप से बुक किया गया था, उसके साथ बैंकिंग संबंध समाप्त होने के कारण प्रस्ताव पर प्रतिस्पर्धी दरों से स्विच की वारंटी है;

(ii) रद्दीकरण और पुनः बुकिंग अनुबंध की परिपक्वता तिथि पर साथ-साथ की जाती है; और

(iii) यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी, कि मूल अनुबंध रद्द कर दिया गया है, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक की है जो अनुबंध की पुनः बुकिंग करता है।

एच) पुन: बुकिंग की सुविधा की अनुमति तब तक नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि कॉर्पोरेट ने निर्धारित अनुबंध V में जोखिम जानकारी प्रस्तुत नहीं की हो।

आई) हेजिंग व्यापार लेनदेनों के लिए अनुबंधों के प्रतिस्थापन की अनुमति प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी। बैंक द्वारा उन परिस्थितियों से संतुष्ट होने पर दी जा सकती है जिनके तहत ऐसी प्रतिस्थापन आवश्यक हो गयी है। प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक प्रतिस्थापित अंतर्निहित राशि और अवधि का भी सत्यापन कर सकते हैं।

ii) पारस्परिक मुद्रा विकल्प (रुपया शामिल नहीं है)

प्रतिभागी

बाजार निर्माता- प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक, जैसाकि रिज़र्व बैंक द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित किया गया है

उपयोगकर्ता - भारत में निवासी व्यक्ति

प्रयोजन

ए) व्यापार लेनदेन से उत्पन्न विनिमय दर जोखिम को हेज करने के लिए।
बी) विदेशी मुद्रा में निविदा बोली प्रस्तुत करने से उत्पन्न होने वाले आकस्मिक विदेशी मुद्रा एक्सपोजर को हेज करने के लिए।

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक केवल प्लेन वैनिला यूरोपीय विकल्प[1] का प्रस्ताव कर सकते हैं।[1]
बी) ग्राहक कॉल या पुट ऑप्शन खरीद सकते हैं।
सी) इन लेनदेनों को अंतर्निहित सत्यापन के अधीन मुक्त रूप से बुक और/या रद्द किया जा सकता है।
डी) पारस्परिक मुद्रा फारवर्ड अनुबंध के लिए लागू सभी दिशानिर्देश पारस्परिक मुद्रा विकल्प अनुबंध पर भी लागू होते हैं।
ई) पारस्परिक मुद्रा विकल्प पूरी तरह से कवर किए गए बैक-टू-बैक आधार पर प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंकों द्वारा लिखे जाने चाहिए। भारत के बाहर किसी बैंक, विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित अपतटीय बैंकिंग इकाई अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विकल्प एक्सचेंज अथवा भारत में किसी अन्य एडी श्रेणी I बैंक के साथ कवर लेनदेन किया जा सकता है। प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंको को विकल्प राइट के इच्छुक कारोबार से पूर्व, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, विदेशी मुद्रा बाजार प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, अमर बिल्डिंग 5वीं मंजिल, मुंबई, 400001 से एकबारगी अनुमोदन व्यापार हेतु प्राप्त किया जाना चाहिए।

iii) विदेशी मुद्रा - आईएनआर विकल्प

प्रतिभागी

बाजार निर्माता- प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक, जैसाकि इस प्रयोजन के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित है।
उपयोगकर्ता - भारत में निवासी व्यक्ति

प्रयोजन

ए) समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.फेमा 25/2000-आरबी, दिनांक 3 मई 2000 की अनुसूची I के अनुसार विदेशी मुद्रा जोखिमों को हेज करने के लिए।
बी) विदेशी मुद्रा में निविदा बोली प्रस्तुत करने से उत्पन्न होनेवाली आकस्मिक विदेशी मुद्रा एक्सपोजर को हेज करने के लिए।

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक जिनका न्यूनतम सीआरएआर 9 प्रतिशत है, बैक-टू-बैक आधार पर विदेशी मुद्रा-आईएनआर विकल्प प्रदान कर सकते हैं।
बी) वर्तमान में, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक केवल प्लेन वैनिला यूरोपीय विकल्प प्रदान कर सकते हैं।

---

[1] एक यूरोपीय विकल्प का प्रयोग केवल विकल्प की समाप्ति तिथि पर किया जा सकता है, अर्थात एक पूर्व-निर्धारित समय बिंदु पर।

सी) ग्राहक कॉल या पुट ऑप्शन खरीद सकते हैं।
डी) विदेशी मुद्रा-आईएनआर विदेशी मुद्रा फॉरवर्ड अनुबंधों के लिए लागू सभी दिशानिर्देश विदेशी मुद्रा-आईएनआर विकल्प अनुबंधों पर भी लागू होते हैं।
ई) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक जिनके पास पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण, जोखिम निगरानी/प्रबंधन प्रणाली, मार्क टू मार्केट (बाज़ार मूल्य को बही में अंकित करना) तंत्र आदि हैं, उन्हें शर्तों के अधीन रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन पर विदेशी मुद्रा-आईएनआर विकल्प बुक चलाने की अनुमति है। प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक जो विदेशी मुद्रा-आईएनआर विकल्प बुक चलाने के इच्छुक हैं और न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं वे नीचे सूचीबद्ध, सक्षम प्राधिकारी (बोर्ड/जोखिम समिति/एएलसीओ) से अनुमोदन की प्रतियों, इस संबंध में विस्तृत ज्ञापन, विकल्प राइट के प्रकार और अनुमत सीमा के लिए बोर्ड की विशिष्ट स्वीकृति के साथ रिज़र्व बैंक में आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड को प्रस्तुत ज्ञापन में अन्य मामलों के साथ-साथ नकारात्मक जोखिमों का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।
न्यूनतम पात्रता मानदंड:

i. निवल मालियत 300 करोड़ रुपये से कम नहीं
ii. सीआरएआर 10 प्रतिशत
iii. निवल एनपीए निवल अग्रिमों के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं
iv. कम से कम तीन वर्षों के लिए निरंतर लाभप्रदता

रिज़र्व बैंक आवेदन पर विचार करेगा और अपने विवेकानुसार एकबारगी अनुमोदन प्रदान करेगा। प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंकों से रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन सीमाओं के भीतर विकल्प पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने की अपेक्षा की जाती है।
एफ) प्राधिकृत व्यापारी बैंक विकल्प प्रीमियम को रुपए में या रुपए/विदेशी मुद्रा नोशनल के प्रतिशत के रूप में कोट कर सकते हैं।
जी) विकल्प संविदाओं का निपटान परिपक्वता पर अथवा स्पाट आधार पर सुपुर्दगी द्वारा किया जा सकता है अथवा संविदा में विनिर्दिष्ट अनुसार स्पाट आधार पर रुपयों में निवल नकद निपटान द्वारा किया जा सकता है। परिपक्वता से पहले किसी लेन-देन को समाप्त करने के मामले में, अनुबंध एक समान ऑफ़-सेटिंग विकल्प के बाजार मूल्य के आधार पर नकद निपटान पर किया जा सकता है।
एच) बाजार निर्माताओं को स्पाट और फॉरवर्ड बाजारों तक पहुंच बनाकर अपने विकल्प पोर्टफोलियो के 'डेल्टा' को हेज करने की अनुमति है। अंतर-बैंक बाजार में विकल्प लेनदेन में प्रवेश करके अन्य 'ग्रीक' को हेज किया जा सकता है।
आई) विकल्प संविदा का 'डेल्टा' ओवरनाइट ओपन पोजीशन का हिस्सा होगा।
जे) एजीएल के उद्येश्य के लिए प्रत्येक परिपक्वता के अंत में 'डेल्टा' के बराबर को ध्यान में रखा जाएगा। प्रत्येक बकाया विकल्प अनुबंध की रेसीड्यूल परिपक्वता (जीवन) को विभिन्न परिपक्वता बकेट के तहत समूहीकरण के प्रयोजन के आधार के रूप में लिया जा सकता है।

के) ऑप्शन बुक चलाने वाले प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को विदेशी मुद्रा-आईएनआर विकल्प में बाजार निर्माताओं से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कवर करने के लिए प्लेन वैनिला पारस्परिक मुद्रा विकल्प पोजीशन शुरू करने की अनुमति है।

एल) बैंकों को दैनिक आधार पर पोर्टफोलियो को मार्किंग टू मार्किट करने के लिए आवश्यक प्रणालियां स्थापित करनी चाहिए। फेडाई पोल किए गए अंतर्निहित अस्थिरता अनुमानों का एक मैट्रिक्स दैनिक रूप से प्रकाशित करेगा, जिसका उपयोग बाजार प्रतिभागी अपने पोर्टफोलियो को मार्किंग टू मार्केट करने के लिए कर सकते हैं।

एम) विकल्प अनुबंधों के लिए लेखांकन फ्रेमवर्क फेडाई के दिनांक 29 मई, 2003 के परिपत्र संख्या एसपीएल-24/एफसी-रूपी ऑप्शन/2003 के अनुसार होगा।

iv) विदेशी मुद्रा-आईएनआर स्वैप

प्रतिभागी

बाजार निर्माता- भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक।

उपयोगकर्ता –

i. विदेशी मुद्रा देनदारी रखने वाले और विदेशी मुद्रा-आईएनआर स्वैप करने वाले निवासी विदेशी मुद्रा देयता से रुपए देयता में जाने के लिए।

ii. रुपये की देनदारी वाली ऐसी निगमित निवासी संस्थाएं जो रुपये की देयता से विदेशी मुद्रा देयता में जाने के लिए कुछ न्यूनतम विवेकपूर्ण आवश्यकताओं के अधीन जैसेकि जोखिम प्रबंधन प्रणाली और प्राकृतिक बचाव या आर्थिक एक्सपोजर आईएनआर - विदेशी मुद्रा स्वैप करती हैं। प्राकृतिक हेज अथवा आर्थिक एक्सपोजर के अभाव में, आईएनआर-विदेशी मुद्रा स्वैप (रुपये की देनदारी से विदेशी मुद्रा देयता में जाने के लिए) को सूचीबद्ध कंपनियों या गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए न्यूनतम 200 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ प्रतिबंधित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, एडी श्रेणी I बैंक को स्वैप की उपयुक्तता तथा उपयुक्तता की जांच करने और कॉर्पोरेट की वित्तीय सुदृढता के बारे में संतुष्ट होने की आवश्यकता है।

प्रयोजन

लंबी अवधि के विदेशी मुद्रा उधार लेने वालों के लिए या लंबी-अवधि के आईएनआर उधार को विदेशी मुद्रा देयता में बदलने के लिए विनिमय दर जोखिम तथा/या ब्याज दर जोखिम एक्सपोजर को हेज करने के लिए।

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) किसी भी रूप में रुपये अथवा इसके समकक्ष के प्रारंभिक भुगतान से जुड़े कोई स्वैप लेनदेन नहीं किए जाएंगे।

बी) "दीर्घावधि एक्सपोजर" का आशय है एक वर्ष अथवा उससे अधिक की रेसीड्यूल परिपक्वता वाले एक्सपोजर से है।

सी) स्वैप लेनदेन, एक बार रद्द होने के बाद, किसी भी तंत्र या किसी भी नाम से, फिर से बुक या फिर से दर्ज नहीं किया जाएगा।

डी) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंकों को लीवरेज्ड स्वैप संरचना की पेशकश नहीं करनी चाहिए। विशिष्ट रूप से, लीवरेज्ड स्वैप संरचनाओं में, एकीकरण के अतिरिक्त एक गुणक कारक बेंचमार्क दर(ओं) से जुड़ा होता है, जो इस तरह के कारक की अनुपस्थिति में देय अथवा प्राप्य को स्थिति अनुसार बदल देता है।

ई) अदला-बदली की नोशनल मूल राशि अंतर्निहित ऋण की बकाया राशि से अधिक नहीं होनी चाहिए।

एफ) स्वैप की परिपक्वता अंतर्निहित ऋण की शेष परिपक्वता से अधिक नहीं होनी चाहिए।

v) लागत में कमी की संरचनाएं अर्थात पारस्परिक मुद्रा विकल्प लागत में कमी की संरचना और विदेशी मुद्रा-आईएनआर विकल्प लागत में कमी की संरचना।

प्रतिभागी

बाजार निर्माता- प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक

उपयोगकर्ता – सूचीबद्ध कंपनियाँ और उनकी सहायक कंपनियाँ / संयुक्त उद्यम / सहयोगी जिनका साझा खजाना और समेकित तुलन पत्र है अथवा वे असूचीबद्ध कंपनियाँ जिनकी न्यूनतम निवल संपत्ति रु 200 करोड़ है।

बशर्ते

ए) ऐसे सभी उत्पाद प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्य के होते हैं;

बी) कंपनियां ऐसे उत्पादों/अनुबंधों के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 के तहत अधिसूचित लेखांकन मानकों और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अन्य लागू दिशानिर्देशों का पालन करती हैं, साथ ही विवेक के सिद्धांत का भी पालन करती हैं, जिसके लिए अपेक्षित नुकसान की पहचान और अप्राप्त अभिलाभ की गणना न किया जाना आवश्यक है।

सी) 02 दिसंबर 2005 दिनांकित आईसीएआई की प्रेस विज्ञप्ति में निर्धारित वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण किए गए हैं; और

डी) कंपनियों के पास नीति में एक विशिष्ट खंड के साथ एक जोखिम प्रबंधन नीति है जो लागत में कमी लाने संबंधी संरचनाओं के प्रकार/रों का उपयोग करने की अनुमति देती है।

(टिप्पणी: उपरोक्त लेखांकन प्रतिपादन एएस 30/32 या समकक्ष मानकों को अधिसूचित किए जाने तक एक संक्रमणकालीन व्यवस्था है।)"

प्रयोजन

व्यापार लेनदेन और बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) से उत्पन्न विनिमय दर जोखिम को हेज करने के लिए।

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) उपयोगकर्ताओं द्वारा स्टैंडअलोन आधार पर ऑप्शंस राइटिंग की अनुमति नहीं है।

बी) उपयोगकर्ता प्लेन वैनिला यूरोपीय ऑप्शंस की एक साथ खरीद और बिक्री की रणनीतियों में प्रवेश कर सकते हैं, बशर्ते कि प्रीमियम की कोई निवल प्राप्ति न हो।

सी) लिवरेज संरचनाएं, डिजिटल ऑप्शंस, बाधा ऑप्शंस, सीमा संचय और किसी भी अन्य एक्ज़ोटिक उत्पादों की अनुमति नहीं है।

डी) संरचना के सबसे बड़े आनुमानिक हिस्से के साथ, संरचना के कार्यकाल पर की गई गणना, अंतर्निहित प्रयोजन के लिए गणना की जानी चाहिए।

ई) टर्म शीट में ऑप्शंस के डेल्टा को स्पष्ट रूप से इंगित किया जाना चाहिए।

एफ) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक, अतिरिक्त सुरक्षा उपाय निर्धारित कर सकते हैं, जैसेकि निरंतर लाभप्रदता, उच्च निवल मालियत, टर्नओवर, आदि जोकि विदेशी मुद्रा संचालन के पैमाने और उपयोगकर्ताओं के जोखिम प्रोफाइल पर निर्भर करता है।

जी) हेज की परिपक्वता अंतर्निहित लेनदेन की परिपक्वता से अधिक नहीं होनी चाहिए और उसी के अंतर्गत उपयोगकर्ता हेज की अवधि चुन सकते हैं। व्यापार लेनदेन के अंतर्निहित होने के मामले में, संरचना का कार्यकाल दो वर्ष से अधिक नहीं होगा।

एच) उपयोगकर्ताओं को एमटीएम की स्थिति के बारे में समय-समय पर सूचित किया जाना चाहिए।

vi) विदेशी मुद्रा में उधार की हेजिंग, जो विदेशी मुद्रा प्रबंध (विदेशी मुद्रा में उधार लेना तथा उधार देना) विनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार है।

उत्पाद - ब्याज दर स्वैप, पारस्परिक मुद्रा स्वैप, कूपन स्वैप, पारस्परिक मुद्रा ऑप्शंस, ब्याज दर कैप या कॉलर (खरीद), वायदा दर करार (एफआरए)

प्रतिभागी

बाज़ार निर्माता -

ए) भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक

बी) भारत में विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने के लिए प्राधिकृत भारतीय बैंक की भारत के बाहर शाखा

सी) भारत में एक एसईजेड में अपतटीय बैंकिंग इकाई।

उपयोगकर्ता –

भारत में निवासी व्यक्ति जिन्होंने विदेशी मुद्रा प्रबंध (विदेशी मुद्रा में उधार लेना तथा उधार देना) विनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार विदेशी मुद्रा उधार ली है।

प्रयोजन

ऋण एक्सपोजर पर ब्याज दर जोखिम और मुद्रा जोखिम की हेजिंग और ऐसे हेज से मोचन के लिए

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) उपरोक्त विवरण के अनुसार उत्पादों में किसी भी परिस्थिति में रुपया शामिल नहीं होना चाहिए।

बी) रिज़र्व बैंक द्वारा अंतिम स्वीकृति अथवा ऋण पंजीकरण संख्या विदेशी मुद्रा में उधार लेने के लिए आवंटित की गई हो।

सी) उत्पाद की नोशनल मूल राशि विदेशी मुद्रा ऋण की बकाया राशि से अधिक नहीं होनी चाहिए।

डी) उत्पाद की परिपक्वता अंतर्निहित ऋण की समाप्त नहीं हुई परिपक्वता अवधि से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ई) अनुबंधों को स्वतंत्र रूप से रद्द और फिर से बुक किया जा सकता है।

2) पिछले प्रदर्शन के आधार पर संभावित जोखिम

प्रतिभागी

बाज़ार निर्माता - भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक।

उपयोगकर्ता - वस्तुओं और सेवाओं के आयातक और निर्यातक

प्रयोजन

एक्सपोजर की घोषणा के साथ पिछले तीन वित्तीय वर्षों (अप्रैल से मार्च) के औसत वास्तविक आयात/निर्यात कुल कारोबार के निष्पादन अथवा पिछले वर्ष के वास्तविक आयात/निर्यात कुल कारोबार, जो भी अधिक है, इसके आधार पर मुद्रा जोखिम को हेज करना। पिछले कार्यनिष्पादन के आधार पर संभावित एक्सपोजर की हेजिंग केवल पण्य वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं के व्यापार के संबंध में ही की जा सकती है।

उत्पाद

फॉरवर्ड विदेशी मुद्रा संविदा, पारस्परिक मुद्रा ऑप्शंस (रुपया शामिल नहीं है), विदेशी मुद्रा -आईएनआर ऑप्शन और लागत कटौती संरचना (कॉस्ट रिडक्शन स्ट्रक्चर) [जैसाकि खंड बी पैरा I 1(v) में दिया गया है]।

परिचालन दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) ऐसे कॉरपोरेट जिनके पास 200 करोड़ रुपये की न्यूनतम निवल मालियत तथा 1000 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक निर्यात और आयात का कुल कारोबार हो और खंड बी पैरा I 1(v) में निर्धारित अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हों, उन्हें लागत कटौती संरचना (कॉस्ट रिडक्शन स्ट्रक्चर) की अनुमति दी जा सकती है।

बी) चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान बुक किए गए अनुबंध और किसी भी समय के बकाया अनुबंध निम्नलिखित से अधिक नहीं होने चाहिए

• पात्र सीमा अर्थात पिछले तीन वित्तीय वर्षों के कुल वास्तविक निर्यात कारोबार का औसत अथवा पिछले वर्ष का कुल वास्तविक निर्यात कारोबार, जो भी निर्यात के लिए अधिक हो।

• पात्र सीमा का पच्चीस प्रतिशत अर्थात् पिछले तीन वित्तीय वर्षों के कुल वास्तविक आयात कारोबार का औसत अथवा पिछले वर्ष का कुल वास्तविक आयात कारोबार, जो भी आयात के लिए अधिक हो। ऐसे आयातकों के मामले में जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए 16 दिसंबर 2011 को संशोधित/कम की गई सीमा से अधिक उपयोग कर लिया है उन्हें इस सुविधा के अंतर्गत आगे किसी बुकिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

सी) इस सुविधा के तहत निर्यातकों और आयातकों, दोनों, द्वारा बुक किए गए सभी वायदा अनुबंध अब से (अर्थात् 16 दिसंबर 2011 से) पूरी तरह से सुपुर्दगी आधार पर होंगे। रद्दीकरण के मामले में, विनिमय लाभ, यदि कोई हो, ग्राहक को नहीं दिया जाना है।

डी) इन सीमाओं की गणना आयात/निर्यात लेनदेनों के लिए अलग से की जाए।

ई) विदेशी मुद्रा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक को आवेदन करने पर मामला-दर-मामला के आधार पर उच्च सीमा की अनुमति दी जाएगी। अतिरिक्त सीमाएं, यदि होंगी, तो सुपुर्दगी के आधार पर मंजूर की जाती हैं।

एफ) दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए बिना किए गए किसी भी अनुबंध को इस सीमा के विरुद्ध चिह्नित किया जाएगा। एक बार रद्द किए जाने के बाद ये अनुबंध फिर से किए जाने के योग्य नहीं हैं। रोलओवर की भी अनुमति नहीं है।

जी) एडी बैंक अपने ग्राहकों को केवल निम्नलिखित शर्तों के अनुपालन से संतुष्ट होने के बाद ही पिछली निष्पादन सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दें:

i. ग्राहक से एक वचन लिया जा सकता है कि किए गए सभी अनुबंधों की परिपक्वता से पहले सहायक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

ii. आयातकों और निर्यातकों को अनुबंध VI के अनुसार इस सुविधा के तहत अन्य एडी श्रेणी I के बैंकों के पास बुक की गई राशि के संबंध में सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा विधिवत प्रमाणित एडी श्रेणी I के बैंकों को तिमाही घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

iii. एक निर्यातक ग्राहक को इस सुविधा के लिए पात्र होने हेतु उनके अतिदेय बिलों की कुल राशि को कारोबार के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

iv. निम्नलिखित दस्तावेजों की जांच के बाद अपने ग्राहकों की वास्तविक आवश्यकताओं के बारे में संतुष्ट होने पर एडी श्रेणी I बैंक द्वारा पात्र सीमा के 50 प्रतिशत से अधिक के कुल बकाया अनुबंधों की अनुमति दी जा सकती है:

• ग्राहक के सांविधिक लेखा परीक्षक से एक प्रमाण पत्र कि इस सुविधा का उपयोग करते समय सभी दिशानिर्देशों का पालन किया गया है।

• अनुबंध VII में दिए गए प्रारूप में पिछले तीन वर्षों के दौरान ग्राहक के आयात/निर्यात कारोबार का प्रमाण पत्र जो कि उनके सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा विधिवत प्रमाणित है।

एच) एक बार उपयोग कर लिए जाने के बाद, अनुबंधों के रद्द किए जाने अथवा उनकी परिपक्वता पर, पिछली प्रदर्शन सीमाएं फिर से बहाल नहीं होंगी।

आई) एडी श्रेणी 1 बैंकों को, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरंभ में, पिछली प्रदर्शन सीमाओं पर आ जाना चाहिए। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में लेखापरीक्षित आंकड़े (पिछले वर्ष) तैयार करने में कुछ समय लग सकता है। हालांकि, यदि पिछले वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से तीन माह के भीतर विवरणियाँ जमा नहीं की जाती हैं तो आलेखित आंकड़ों के जमा न हो जाने तक सुविधा प्रदान नहीं की जानी चाहिए।

जे) एडी श्रेणी 1 बैंकों को पूर्व-सौदा चरण पर पिछली प्रदर्शन सीमाओं की पुष्टि करने के लिए उचित प्रणालियों की व्यवस्था करनी चाहिए। ग्राहक घोषणाओं के अलावा एडी श्रेणी I बैंकों को ग्राहकों के साथ पिछले लेनदेन, टर्नओवर आदि का भी आकलन करना चाहिए।

के) एडी श्रेणी I बैंकों को अनुबंध X में निर्धारित इस सुविधा के तहत उनके ग्राहकों द्वारा उनको प्रदान की गई और उपयोग की गई सीमाओं पर एक मासिक रिपोर्ट (प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को) प्रस्तुत करनी होगी।

3) विशेष छूट

i) छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) सहभागी

बाजार निर्माता- एडी श्रेणी I

उपयोगकर्ता - लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई)[2]

प्०रयोजन

विदेशी मुद्रा जोखिम के संबंध में एसएमई के प्रत्यक्ष और/या अप्रत्यक्ष जोखिम को हेज करने के लिए

उत्पाद

वायदा विदेशी मुद्रा अनुबंध

परिचालनगत दिशानिर्देश: विदेशी मुद्रा जोखिम का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष एकपोज़र रखने वाले छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को, निम्नलिखित शर्तों के अधीन, वायदा अनुबंधों को, उनके एक्सपोज़र का प्रभावी-प्रबंध करने वाले बुनियादी दस्तावेज़ों को प्रस्तुत किए बिना, बुक/रद्द/पुनर्समझौता करने की अनुमति है:

ए) ऐसे अनुबंध इसके अलावा एडी श्रेणी I बैंकों के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं जिनके पास एसएमई को क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं और किए गए कुल वायदा अनुबंध उनकी विदेशी मुद्रा आवश्यकताओं या उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं अथवा पूंजीगत व्यय के लिए उनके द्वारा प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के अनुरूप होने चाहिए।

बी) एडी श्रेणी I बैंक, दिनांक 2 नवंबर 2011 के डीबीओडी.सं.बीपी.बीसी 44/21.04.157/2011-12 द्वारा जारी 'डेरिवेटिव्स पर व्यापक दिशानिर्देश' के पैरा 8.3 के अनुसार, एसएमई ग्राहकों के लिए वायदा अनुबंधों की "उपयोगकर्ता उपयुक्तता" और "उपयुक्तता" के संबंध में समुचित सावधानी बरतें।

---

[2] भारतीय रिज़र्व बैंक के ग्रामीण योजना एवं ऋण विकास विभाग द्वारा दिनांक 04 अप्रैल, 2007 के परिपत्र सं.आरपीसीडी.पीएलएनएस.बीसी.सं.63/06.02.31/2006-07 के अनुसार परिभाषित एसएमई

सी) इस सुविधा का लाभ उठाने वाले एसएमई को इस सुविधा के तहत अन्य एडी श्रेणी I बैंकों के साथ पहले से किए गए वायदा अनुबंधों की राशि, यदि कोई हो, के संबंध में एडीश्रेणी I बैंक को एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

ii) सहभागी निवासी व्यक्ति

बाजार निर्माता – एडी श्रेणी I बैंक

उपयोगकर्ता: निवासी व्यक्ति

प्रयोजन

आवक और जावक दोनों तरह के वास्तविक या प्रत्याशित विप्रेषणों से उत्पन्न होने वाले अपने विदेशी मुद्रा जोखिमों को हेज करने के लिए, स्व-घोषणा के आधार पर, बुनियादी दस्तावेजों को प्रस्तुत किए बिना, यूएसडी 100,000 की सीमा तक का वायदा अनुबंध बुक कर सकते हैं।

उत्पाद

वायदा विदेशी मुद्रा अनुबंध

परिचालनगत दिशानिर्देश, नियम और शर्तें

ए) इस सुविधा के तहत किए गए अनुबंध सामान्य रूप से सुपुर्दगी के आधार पर होंगे। हालांकि, नकदी प्रवाह या अन्य आकस्मिकताओं में असंतुलन के मामले में, इस सुविधा के तहत बुक किए गए अनुबंधों को रद्द करने और फिर से बुक करने की अनुमति दी जा सकती है। बकाया अनुबंधों का नोशनल मूल्य किसी भी समय 100,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नहीं होना चाहिए।

बी) अनुबंधों को केवल एक वर्ष की अवधि के लिए बुक करने की अनुमति दी जा सकती है।

सी) अनुबंध XIV में दिए गए प्रारूप में आवेदन सह-घोषणा के आधार पर ऐसे अनुबंध एडी श्रेणी I बैंकों के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं जिनके साथ निवासी व्यक्ति का बैंकिंग संबंध है। एडी श्रेणी I बैंकों को स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिए कि निवासी व्यक्ति वायदा अनुबंधों की बुकिंग में निहित जोखिम की प्रकृति को समझते हैं। ऐसे ग्राहकों के लिए वायदा अनुबंधों की "उपयोगकर्ता उपयुक्तता" और "उपयुक्तता" के संबंध में उचित सावधानी बरतनी चाहिए।

बी. भारत में निवासियों द्वारा दर्ज ओटीसी विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए सामान्य निर्देश

जहां ऊपर बताए गए दिशानिर्देश विशिष्ट विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव को नियंत्रित करते हैं, वहीं ओटीसी विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव पर लागू होने वाले विवेकपूर्ण सरोकारों के लिए कुछ सामान्य सिद्धांत और रक्षोपाय नीचे दिए गए हैं। विशिष्ट विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव उत्पाद के तहत दिशानिर्देशों के अलावा, सामान्य निर्देशों

का उपयोगकर्ताओं (एडी श्रेणी I बैंकों के अलावा भारत में निवासी) और बाजार निर्माताओं (एडी श्रेणी I बैंकों) द्वारा सावधानीपूर्वक पालन किया जाना चाहिए।

ए) सभी विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव लेनदेन के मामले में [आईएनआर- विदेशी मुद्रा स्वैप को छोड़कर यानी धारा बी पैरा I(1)(iv) के अनुसार आईएनआर देयता से विदेशी मुद्रा देयता में जाना], एडी श्रेणी I बैंकों को ग्राहकों से एक घोषणा पत्र लेना चाहिए कि एक्स्पोज़र-हेजिंग नहीं की गई है और इसे किसी अन्य एडीश्रेणी I बैंक के साथ हेज नहीं किया गया है। कॉरपोरेट्स को एडी श्रेणी I बैंक को यह प्रमाणित करते हुए एक वार्षिक प्रमाणपत्र प्रदान करना चाहिए कि डेरिवेटिव लेनदेन अधिकृत हैं और बोर्ड (या साझेदारी या मालिकाना फर्मों के मामले में समकक्ष फोरम) इस विषय से परिचित हैं।

बी) अनुबंधित एक्स्पोज़र के मामले में एडी श्रेणी I बैंकों को निम्नलिखित प्राप्त करना होगा:

i) ग्राहक से एक वचन पत्र कि उसी अंतर्निहित जोखिम को किसी अन्य एडी श्रेणी I बैंक/बैंकों के साथ शामिल नहीं किया गया है। जहां एक से अधिक एडी श्रेणी I बैंक के साथ एक ही जोखिम की हिस्सों में हेजिंग की जाती है, वहां अन्य एडी श्रेणी I बैंक/बैंकों के पास पहले से बुक की गई राशि का विवरण घोषणा में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए। यह वचन, सौदे की पुष्टि के एक भाग के रूप में भी प्राप्त किया जा सकता है।

ii) उपयोगकर्ताओं के सांविधिक लेखापरीक्षकों से तिमाही प्रमाणपत्र, यह प्रमाणित करते हुए कि तिमाही के दौरान सभी एडी श्रेणी I बैंकों के साथ किसी भी समय बकाया अनुबंध अंतर्निहित जोखिम के मूल्य से अधिक नहीं थे।

सी) व्युत्पन्न विदेशी मुद्रा जोखिम को हेज करने की अनुमति नहीं है। हालांकि, आईएनआर- विदेशी मुद्रा स्वैप के मामले में, शुरुआत में, मुद्रा जोखिम को कम करने के लिए एक बार प्लेन-वैनिला-क्रॉस-मुद्रा-ऑप्शन (रुपया शामिल नहीं) में उपयोगकर्ता प्रवेश कर सकता है।

डी) किसी भी डेरिवेटिव अनुबंध में, नोशनल राशि, किसी भी समय वास्तविक अंतर्निहित जोखिम से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी तरह, डेरिवेटिव अनुबंधों की अवधि अंतर्निहित जोखिम की अवधि से अधिक नहीं होनी चाहिए। संपूर्ण लेन-देन के लिए उसकी पूरी अवधि के लिए कल्पित राशि की गणना की जानी चाहिए और अंतर्निहित जोखिम को डेरिवेटिव अनुबंध की कल्पित राशि के अनुरूप होना चाहिए।

ई) एक निश्चित अवधि के लिए किसी विशेष जोखिम/उसके हिस्से के लिए केवल एक हेज लेनदेन बुक किया जा सकता है।

एफ़) डेरिवेटिव लेनदेनों (वायदा अनुबंधों को छोड़कर) के लिए अवधि तुलन-पत्र में निम्नलिखित का अनिवार्य रूप से और स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए:

i) लेन-देन के उद्देश्य का विवरण देना कि कैसे उत्पाद और इसके प्रत्येक घटक ग्राहक को हेजिंग में मदद करते हैं;

ii) लेन-देन के निष्पादन के समय प्रचलित हाजिर-दर; और

iii) विभिन्न परिदृश्यों में अधिकतम नुकसान/सबसे खराब गिरावट की मात्रा।

जी) एडी श्रेणी I बैंक केवल उन्हीं उत्पादों की पेशकश कर सकते हैं जिनकी वे स्वतंत्र रूप से कीमत तय कर सकते हैं। यह दोतरफा आधार पर पेश किए गए उत्पादों पर भी लागू होता है। सभी विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव उत्पादों का मूल्य हर समय स्थानीय रूप से प्रदर्शन योग्य होना चाहिए।

एच) बाजार निर्माताओं को दिनांक 2 नवंबर 2011 के डीबीओडी.सं.बीपी.बीसी44/21.04.157/2011-12 में दिए गए विवरण के अनुसार उपयोगकर्ताओं को डेरिवेटिव उत्पाद (वायदा अनुबंधों को छोड़कर) पेश करने से पहले उत्पादों की 'उपयोगकर्ता उपयुक्तता' और 'उपयुक्तता' के संबंध में उचित सावधानी बरतनी चाहिए।

आई) एडी श्रेणी I उपयोगकर्ता के साथ विभिन्न परिदृश्य विश्लेषण साझा कर सकता है जिसमें उत्पाद को प्रभावित करने वाले विभिन्न बाजार मापदंडों की पहचान करने वाले संभावित सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष दोनों शामिल हैं।

जे) दिनांक 20 अप्रैल, 2007 के डीबीओडी.सं.बीपी.बीसी 86/21.04.157/2006-07 द्वारा जारी और समय-समय पर संशोधित किए गए डेरिवेटिव पर व्यापक दिशानिर्देशों के प्रावधान भी विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव पर लागू होते हैं।

के) बैंकों के बीच डेरिवेटिव पर जानकारी, जैसा कि 19 सितंबर 2008 का परिपत्र डीबीओडी.सं.बीपी.बीसी.46/08.12.001/2008-09 और दिनांक 8 दिसंबर 2008 का परिपत्रडीबीओडी.सं.बीपी.बीसी./08.12.001/2008-09 में वर्णित है, साझा करना अनिवार्य है।

4. मान्यता प्राप्त स्टॉक/नए एक्सचेंजों पर करेंसी फ्यूचर्स

भारत में डेरिवेटिव बाजार को और विकसित करने और निवासियों के लिए उपलब्ध विदेशी मुद्रा हेजिंग उपकरणों की मौजूदा विकल्प-सूची में जोड़ने के लिए, मुद्रा वायदा अनुबंधों को देश में मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों या भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त नए एक्सचेंजों में कारोबार करने की अनुमति दी गई है। करेंसी फ्यूचर्स बाजार समय-समय पर रिजर्व बैंक और सेबी द्वारा जारी निर्देशों, दिशानिर्देशों, अनुदेशों के अधीन कार्य करेगा।

भारत में रहने वाले व्यक्तियों को भारतीय करेंसी फ्यूचर्स मार्केट में भाग लेने की अनुमति है, जो करेंसी फ्यूचर्स (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2008 [अधिसूचना संख्या FED.1/DG(SG)-2008 दिनांक 6 अगस्त,

2008] (दिशा-निर्देश) में निहित निर्देशों और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 डब्ल्यू के तहत दिनांक 19 जनवरी 2010 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या एफ़ईडी.2/ईडी (एचआरके)-2009 के अधीन है।

करेंसी फ्यूचर्स निम्नलिखित शर्तों के अधीन हैं:

अनुमति

(i) अमेरिकी डॉलर (यूएसडी), भारतीय रुपया (आईएनआर), यूरो (ईयूआर)-आईएनआर, जापानी येन (जेपीवाई)-आईएनआर और पाउंड स्टर्लिंग (जीबीपी)-आईएनआर में करेंसी फ्यूचर्स की अनुमति है।

(ii) केवल 'भारत में रहने वाले व्यक्ति' ही विदेशी विनिमय दर जोखिम या अन्यथा के जोखिम को हेज करने के लिए मुद्रा वायदा अनुबंधों को खरीद या बेच सकते हैं।

करेंसी फ्यूचर्स की विशेषताएं

मानकीकृत करेंसी फ्यूचर्स में निम्नलिखित विशेषताएं होंगी:

ए. यूएसडी-आईएनआर, ईयूआर-आईएनआर, जीबीपी-आईएनआर और जेपीवाई-आईएनआर अनुबंधों के क्रय-विक्रय की अनुमति है।

बी. प्रत्येक अनुबंध का आकार यूएसडी-आईएनआर अनुबंधों के लिए 1000 यूएसडी, यूरो-आईएनआर अनुबंधों के लिए 1000 यूरो, जीबीपी-आईएनआर अनुबंधों के लिए 1000 जीबीपी और जेपीवाई-आईएनआर अनुबंधों के लिए 100,000 जेपीवाई होगा।

सी. अनुबंधों को भारतीय रुपये में दर्शाया और निपटान किया जाएगा।

डी. अनुबंधों की परिपक्वता 12 महीने से अधिक नहीं होगी।

ई. यूएसडी-आईएनआर और यूरो-आईएनआर अनुबंधों के लिए निपटान मूल्य रिज़र्व बैंक की संदर्भ दरें होंगी और जीबीपी-आईएनआर और जेपीवाई-आईएनआर अनुबंधों के लिए निपटान मूल्य अंतिम ट्रेडिंग दिवस पर रिज़र्व बैंक द्वारा अपनी प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित विनिमय दरें होंगी।

सदस्यता

(i) किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के करेंसी फ्यूचर्स मार्केट की सदस्यता इक्विटी डेरिवेटिव खंड या नकदी-खंड की सदस्यता से अलग होगी। करेंसी फ्यूचर्स मार्केट में ट्रेडिंग और समाशोधन दोनों के लिए सदस्यता सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन होगी।

(ii) रिज़र्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 की धारा 10 के तहत 'एडी श्रेणी-I बैंक' के रूप में अधिकृत बैंकों को, स्वयं के लिए और उनके ग्राहकों की ओर से, न्यूनतम विवेकपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के की शर्त पर, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों के करेंसी फ्यूचर्स बाजार के व्यापारिक और समाशोधन सदस्य बनने की अनुमति है।

(iii) उपर्युक्त न्यूनतम विवेकपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने वाले एडी श्रेणी-I बैंक और ऐसे एडी श्रेणी-I बैंक जो शहरी सहकारी बैंक या राज्य सहकारी बैंक हैं, केवल ग्राहक के रूप में करेंसी फ्यूचर्स बाजार में भाग ले सकते हैं, जो कि, अतएव रिज़र्व बैंक के संबंधित विनियामक विभागों से अनुमोदन के अधीन है।

पोजीशन-सीमाएं

i. करेंसी फ्यूचर्स बाजार में प्रतिभागियों के विभिन्न वर्गों के लिए पोजीशन-सीमाएं सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन होंगी।

ii. एडी श्रेणी-I बैंक विवेकपूर्ण सीमाओं, जैसे नेट ओपन पोजीशन(एनओपी) और एग्रीगेट गैप(एजी) सीमाओं, के भीतर परिचालन करेंगे। करेंसी फ्यूचर्स मार्केट में अपने खाते में बैंकों का एक्स्पोज़र उनकी एनओपी और एजी सीमाओं का हिस्सा होगा।

जोखिम प्रबंधन के उपाय

करेंसी फ्यूचर्स का व्यापार प्रारंभिक, अत्यधिक नुकसान और कैलेंडर-स्प्रेड-मार्जिन को बनाए रखने के अधीन होगा। एक्सचेंज के समाशोधन निगमों / समाशोधन गृहों को सेबी द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के आधार पर प्रतिभागियों द्वारा इस तरह के मार्जिन रखे जाने को सुनिश्चित करना होगा।

निगरानी और प्रकटीकरण

करेंसी फ्यूचर्स बाजार में लेन-देन की निगरानी और प्रकटीकरण सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

करेंसी फ्यूचर्स एक्सचेंज / समाशोधन निगमों को प्राधिकार

मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज और उनके संबंधित समाशोधन निगम / समाशोधन गृह, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 की धारा 10(1) के तहत रिज़र्व बैंक द्वारा जारी प्राधिकार की धारिता के बिना करेंसी फ़्यूचर्स से संबंधित कोई कार्य अन्यथा कारोबार नहीं करेंगे।

5. मान्यता-प्राप्त स्टॉक/नए एक्सचेंज पर करेंसी ऑप्शन

निवासियों को उपलब्ध एक्सचेंज-ट्रेडेड-हेजिंग उपकरणों के मौजूदा मेन्यू को बढ़ाने देने के लिए प्लेन वनिला करेंसी ऑप्शंस अनुबंधों को, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा मान्यता-प्राप्त, स्टॉक एक्सचेंज अथवा नए एक्सचेंज में क्रय-विक्रय करने की अनुमति दी गई है।

एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी ऑप्शंस निम्नलिखित शर्तों के अधीन हैं:

अनुमति

(i) एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी ऑप्शंस अनुबंध यूएस डॉलर (यूएसडी) - भारतीय रुपया (आईएनआर) में अनुमत हैं।

(ii) केवल 'भारत में रहने वाले व्यक्ति' ही विदेशी विनिमय दर जोखिम या अन्यथा के जोखिम को हेज करने के लिए एक्सचेंज ट्रेडेड मुद्रा विकल्प अनुबंधों को खरीद या बेच सकते हैं।

एक्सचेंज ट्रेडेड मुद्रा ऑप्शंस की विशेषताएं

मानकीकृत एक्सचेंज ट्रेडेड मुद्रा ऑप्शंस में निम्नलिखित विशेषताएं होंगी:

ए) मुद्रा ऑप्शंस के लिए आधार यूएस डॉलर - भारतीय रुपया (यूएसडी-आईएनआर) हाजिर-दर होगा।

बी) ऑप्शंस, प्रीमियम शैली के यूरोपीय क्रय-विक्रय ऑप्शंस होंगे।

सी) प्रत्येक अनुबंध का आकार 1000 अमेरिकी डॉलर होगा।

डी) प्रीमियम को रुपए में दर्शाया जाएगा। बकाया पोजीशन यूएसडी में होगी।

ई) अनुबंधों की परिपक्वता बारह महीने से अधिक नहीं होगी।

एफ) अनुबंधों का निपटान भारतीय रुपए में नकद में किया जाएगा।

जी) अनुबंधों की समाप्ति की तारीख पर रिज़र्व बैंक का जो संदर्भ दर होगा वही निपटान मूल्य होगा।

सदस्यता

i) करेंसी फ्यूचर्स बाजार में व्यापार के लिए सेबी के साथ पंजीकृत सदस्य मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के एक्सचेंज ट्रेडेड मुद्रा ऑप्शंस बाजार में व्यापार करने के पात्र होंगे। एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी ऑप्शंस मार्केट में ट्रेडिंग और क्लियरिंग दोनों के लिए सदस्यता सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन होगी।

ii) रिज़र्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 की धारा 10 के तहत 'एडी श्रेणी-I बैंक' के रूप में अधिकृत बैंकों को, अपने लिए और अपने ग्राहकों की ओर से, निम्नलिखित न्यूनतम विवेकपूर्ण

आवश्यकताओं को पूरा करने की शर्त पर मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों के एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी ऑप्शंस बाजार के व्यापार और समाशोधन सदस्य बनने की अनुमति है:

ए) न्यूनतम 500 करोड़ रुपये की निवल मालियत।

बी) न्यूनतम 10 प्रतिशत सीआरएआर।

सी) निवल एनपीए 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

डी) पिछले 3 वर्षों में हुआ शुद्ध लाभ हो।

एडी श्रेणी-I बैंक, जो विवेकपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, को एक्सचेंज ट्रेडेड मुद्रा विकल्प अनुबंधों के व्यापार, समाशोधन और जोखिमों के प्रबंधन के लिए अपने बोर्ड के अनुमोदन के साथ विस्तृत दिशानिर्देश निर्धारित करने चाहिए।

(iii) उपर्युक्त न्यूनतम विवेकपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने वाले एडी श्रेणी-I बैंक और ऐसे एडी श्रेणी-I बैंक जो शहरी सहकारी बैंक या राज्य सहकारी बैंक हैं, केवल ग्राहक के रूप में करेंसी फ्यूचर्स बाजार में भाग ले सकते हैं, जो कि, अतएव रिज़र्व बैंक के संबंधित विनियामक विभागों से अनुमोदन के अधीन हैं।

स्थितिगत-सीमाएं (पोजीशन लिमिट्स)

i) करेंसी ऑप्शंस में प्रतिभागियों के विभिन्न वर्गों के लिए पोजीशन-सीमाएं सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन होंगी।

ii) एडी श्रेणी-I बैंक विवेकपूर्ण सीमाओं, जैसे नेट ओपन पोजीशन(एनओपी) और एग्रीगेट गैप(एजी) सीमाओं, के भीतर परिचालन करेंगे। करेंसी फ्यूचर्स मार्केट में अपने खाते में बैंकों का एक्स्पोज़र उनकी एनओपी और एजी सीमाओं का हिस्सा होगा।

जोखिम प्रबंधन के उपाय

करेंसी फ्यूचर्स का व्यापार प्रारंभिक, अत्यधिक नुकसान और कैलेंडर-स्प्रेड-मार्जिन को बनाए रखने के अधीन होगा । एक्सचेंज के समाशोधन निगमों / समाशोधन गृहों को सेबी द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के आधार पर प्रतिभागियों द्वारा इस तरह का मार्जिन रखे जाना सुनिश्चित करना चाहिए।

निगरानी और प्रकटीकरण

करेंसी फ्यूचर्स बाजार में लेन-देन की निगरानी और प्रकटीकरण सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

करेंसी ऑप्शंस में लेनदेन के लिए/ समाशोधन निगमों को प्राधिकार

मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज और उनके संबंधित समाशोधन निगम / समाशोधन गृह, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 की धारा 10(1) के तहत रिज़र्व बैंक द्वारा जारी प्राधिकार की धारिता के बिना एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी फ़्यूचर्स से संबंधित कोई लेनदेन या अन्यथा कारोबार नहीं करेंगे।

6. पण्य हेजिंग

भारत में निवासी, जो आयात और निर्यात व्यापार में लगे हुए हैं अथवा अन्यथा भी समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित किया गया हो, को अंतरराष्ट्रीय पण्य एक्सचेंज/बाजारों में अनुमत वस्तुओं के मूल्य जोखिम को हेज करने की अनुमति है। इस सुविधा का उपयोग किसी अन्य डेरिवेटिव उत्पाद के संयोजन में नहीं किया जाना चाहिए। ध्यान दिया जाए कि यहां प्राधिकृत व्यापारी बैंकों का कार्य मुख्य रूप से अंतर्निहित जोखिम का सत्यापन करते हुए समय-समय पर मार्जिन आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा राशियों को विप्रेषित करने की सुविधा प्रदान करना है। विदेशी प्रतिपक्षों के साथ ग्राहकों द्वारा किए गए पण्य डेरिवेटिव लेनदेन से उत्पन्न भुगतान दायित्वों के लिए प्रत्यक्ष विप्रेषण करने के बदले, एडी श्रेणी I बैंक पण्य डेरिवेटिव्स से संबंधित इन विशिष्ट भुगतान दायित्वों को कवर करने के लिए, अनुबंध XV की शर्तों/दिशानिर्देशों के अनुसार, गारंटी/अतिरिक्त साख पत्र जारी कर सकते हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि बोर्ड शब्द, जहां भी इस्तेमाल किया जाता है, वहाँ यह शब्द, निदेशक मंडल या साझेदारी या मालिकाना फर्मों के मामले में समकक्ष फोरम को संदर्भित करता है। उक्त सुविधा को निम्नलिखित श्रेणियों में बांटा गया है:

I) प्रत्यायोजित मार्ग

ए. वस्तुओं के वास्तविक आयात/निर्यात पर मूल्य जोखिम की हेजिंग

सहभागी

उपयोगकर्ता: भारत में ऐसी कंपनियां जो वस्तुओं के आयात और निर्यात में लगी हुई हैं

सुविधाकर्ता: एडी श्रेणी I बैंक।

उद्देश्य: आयातित/निर्यातित वस्तु के मूल्य जोखिम को हेज करना।

उत्पाद: अंतरराष्ट्रीय पण्य एक्सचेंज में स्टैंडर्ड-एक्सचेंज-ट्रेडेड-फ्यूचर्स और ऑप्शंस (केवल खरीद)। यदि जोखिम प्रोफाइल के अनुसार जरूरी हो तो- विदेशों में ओटीसी अनुबंधों का उपयोग किया जा सकता है।

परिचालनगत दिशानिर्देश

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I बैंक कुछ न्यूनतम मानदंडों को पूरा करते हैं, और रिज़र्व बैंक द्वारा प्राधिकृत मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों को किसी भी वस्तु (सोना, चांदी, प्लेटिनम को छोड़कर) के संबंध में मूल्य जोखिम को अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी एक्सचेंज / बाजार में हेज करने की अनुमति दे सकते हैं।

दिशानिर्देश अनुबंध XI (ए और बी) में दिए गए हैं।

बी. कच्चे तेल के प्रत्याशित आयात की हेजिंग

सहभागी

उपयोगकर्ता: कच्चे तेल की शोधन में जुटी देशी कंपनियां।

सुविधा प्रदाता: एडी श्रेणी I बैंक

प्रयोजन: पिछले प्रदर्शन के आधार पर कच्चे तेल के आयात पर कीमत जोखिम की हेजिंग करना।

उत्पाद: अंतर्राष्ट्रीय पण्य एक्सचेंज में मानक एक्सचेंज ट्रेडेड फ्यूचर्स और ऑप्शंस (केवल खरीद)। यदि जोखिम प्रोफाइल के अनुसार आवश्यकता है तो विदेशों में ओटीसी संविदा का उपयोग किया जा सकता है।

परिचालन दिशानिर्देश:

ए) हेजिंग को पिछले वर्ष के दौरान वास्तविक आयात की मात्रा के 50 प्रतिशत तक या पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आयात की औसत मात्रा के 50 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, की अनुमति दी जा सकती है।

बी) इस सुविधा के तहत बुक किए गए संविदाओं को बचाव-व्यवस्था (हेजिंग) की अवधि के दौरान सहायक आयात आदेश प्रस्तुत करके नियमित करना होगा। इस आशय के लिए कंपनियों से एक वचनपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

सी) अनुबंध XI के अनुसार अन्य सभी शर्तों और दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाना चाहिए।

सी. देशी खरीद और बिक्री पर कीमत जोखिम की हेजिंग

(i) चुनिंदा धातु

सहभागी

उपयोगकर्ता : किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एल्यूमीनियम, तांबा, सीसा, निकल और जस्ता के देशी उत्पादक / उपयोगकर्ता

सुविधा प्रदाता: एडी श्रेणी I बैंक

प्रयोजन: एल्यूमीनियम, तांबा, सीसा, निकल और जस्ता पर उनके अंतर्निहित आर्थिक एक्सपोजर के आधार पर कीमत जोखिम की हेजिंग करना।

उत्पाद: अंतर्राष्ट्रीय पण्य एक्सचेंजों में मानक एक्सचेंज ट्रेडेड फ्यूचर्स और ऑप्शंस (केवल खरीद)।

परिचालन दिशानिर्देश:

ए) हेजिंग की अनुमति पिछले तीन वित्तीय वर्षों (अप्रैल से मार्च) के औसत वास्तविक खरीद/बिक्री या पिछले वर्ष की कुल वास्तविक खरीद/बिक्री कारोबार, जो भी उपरोक्त वस्तुओं में से अधिक हो, तक दी सकती है।

बी) एडी श्रेणी I बैंकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे उपयोगकर्ता से बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों को प्रमाणित करने वाला एक बोर्ड संकल्प प्राप्त करें जो उस समग्र ढांचे को परिभाषित करता है जिसके अंतर्गत व्युत्पन्नी गतिविधियों का संचालन किया जाना चाहिए और जोखिमों को नियंत्रित किया जाना चाहिए।

सी) अनुबंध XI (ए और बी) के अनुसार अन्य सभी शर्तों और दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाना चाहिए।

(ii) एटीएफ (विमानन टर्बाइन ईंधन)

सहभागी

उपयोगकर्ता : एटीएफ के वास्तविक देशी उपयोगकर्ता।

सुविधा प्रदाता: एडी श्रेणी I बैंक

प्रयोजन: देशी खरीद के आधार पर एटीएफ के संबंध में आर्थिक एक्सपोजर की हेजिंग करना।

